दिन– रविवार दिनांक– 05 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कठिन समय में खाड़ी देशों के साथ सरकार के मज़बूत संबंध वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा में सहायक हैं।

02. उपमुख्मंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– राज्य को भूमि विवादों के जाल से मुक्त करना सरकार का संकल्प है।

03. बेगूसराय में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ के बाद छह अपराधी गिरफ्तार। कुख्यात मंगल सिंह घायल।

04. और, मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की संभावना जताई।

————————————————————

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों, विशेष रूप से केरल के लोगों की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री मोदी तिरुवल्ला में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों के साथ सरकार के मजबूत संबंध कठिन समय में वहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा में सहायक हैं।

–––साउंड बाईट–––

गल्फ कंट्रीज के नेताओं से मैं लगातार सम्पर्क में हूं। वहां की सरकारों से हम लगातार बात कर रहे हैं। मैं आप सभी परिजनों को आश्वस्त करता हूं। आपके परिवारजन भले ही आपसे दूर हो, लेकिन वो अकेले नहीं है। भारत सरकार इन देशों में रह रहे हैं। हर भारतीय के साथ है।

————————————————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी। पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदा जा सकता है।

————————————————————

चिकित्सा उपकरण निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यकारी निदेशक प्रवीण कुमार मित्तल ने सरकार के पेट्रो रसायन उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर सीमा शुल्क में छूट देने के निर्णय का स्वागत किया।

———साउंड बाईट———

हमारी जो कस्टम ड्यूटी थी उनको हटाने से जो रॉ मटीरियल है, उन्हे कोस्टली हमारे जो मैन्युफैक्यचर्स है वो मैनेज कर पाएंगे और हमारी कोस्ट को हम एड्रेस कर पाएंगे, ताकि हमारे पैसे न बढ़े और ओवरऑल हैल्थ केयर की जो कोस्ट है वो भी न बढ़े आम आदमी के लिए।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने वाले दो हजार तेईस में पारित कानून को दो हजार उनतीस से लागू करवाने के लिए संसद का बजट सत्र तीन दिन बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कुछ राज्यों में जनसंख्या घटने पर सीटें कम होने की अफवाह पर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और तेलंगाना में लोकसभा सीटों की संख्या में कोई कमी न हो।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मनरेगा के तहत बिहार में अप्रैल महीने के लिए तीन करोड़ तीस लाख मानव दिवस सृजन की स्वीकृति दी है। ग्रामीण विकास विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मनरेगा की जगह विकसित भारत—जी राम जी योजना लागू होने के बाद नये सिरे से मानव दिवस की स्वीकृति दी जाएगी।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य को भूमि विवादों के जाल से मुक्त करना सरकार का संकल्प है और इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जा रही है। मुंगेर में भूमि सुधार जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार ने राजस्व से जुड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है और इसमें लापरवाही और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जमालपुर अंचल कार्यालय के सामने सैकड़ों महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को जलाने के मामले में जिले के उप अपर समाहर्ता को जाँच के आदेश भी दिये हैं।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश से विभिन्न देशों के लिए जल्द ही सीधी हवाई सेवा शुरू की जायेगी। सरकार ने नेपाल की राजधानी काठमांडू, शारजाह, बैंकॉक, कोलम्बो और सिंगापुर के लिए अन्तरराष्ट्रीय हवाई सेवा उपलब्ध कराने का फैसला किया है। इसके लिए राज्य

मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है। इन रूटों पर विमान सेवा शुरू करने के लिए एयरलाइंस कम्पनियों को छत्तीस करोड़ रूपये से अधिक की आर्थिक सहायता देने का प्रस्ताव रखा गया है। प्रस्ताव के अनुसार पटना और गया से काठमांडू, शारजाह, बैंकॉक, कोलम्बो और सिंगापुर के लिए उड़ाने प्रस्तावित हैं। इस सेवा से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन और रोजगार के लिए विदेश जाने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहटा एयरपोर्ट निर्माण कार्य और दानापुर बिहटा एलिवेटेड कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि बिहार, पूर्वी भारत के सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुश्री सिंह ने नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केन्द्र के सहयोग से राज्य में नई प्रोद्योगिकी केन्द्र खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में सूचना प्रावैद्यिकी क्षेत्र के समग्र विकास और रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर केन्द्रीय मंत्री ने विशेष सहयोग का आश्वासन दिया।

———————————————————————

बेगूसराय में एसटीएफ ने मुठभेड़ के बाद छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान कुख्यात अपराधी मंगल सिंह घायल हो गया। उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, कट्टा, पांच कारतूस और चोरी के आभूषण सहित कई सामान बरामद किये हैं। इधर, दरभंगा के नगर थाना क्षेत्र में आभूषण दुकान में लूटपाट मामले की जांच के लिए विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाइट———

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया के शेरघाटी में सबसे अधिक छत्तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म

स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अभी भी कई लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इस बीच, पुलिस ने बताया है कि फॉरेंसिक जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि मेथेनॉल से बनी शराब पीने के कारण लोगों की मौत हुई है। जिले में शराब माफिया के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

————————————————————————

सुपौल जिले के सदर प्रखंड के लौकहा पंचायत में कार्यरत कार्यपालक सहायक निशा प्रियंका को रिश्वत लेने के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि निशा प्रियंका के खिलाफ जन्म और मृत्यु प्रमाण–पत्र बनाने के नाम पर अवैध राशि की मांग किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में निशा प्रियंका पर लगाये गये आरोप सही साबित हुए, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए उन्हें नियोजन मुक्त कर दिया गया।

————————————————————————

नालंदा जिले में उर्वरक की कालाबाजारी और इसके वितरण में अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग की ओर से विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो सौ तीन प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। जिसमें सात प्रतिष्ठानों पर अनियमितता पाई गई। इनमें पांच प्रतिष्ठानों का अनुज्ञप्ति निलंबित कर दिया गया।

————————————————————————

ईसाई धर्मावलंबी आज ईस्टर का त्यौहार मना रहे हैं। इस अवसर पर पटना स्थित पादरी की हवेली सहित प्रदेश के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभा और अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित उनहत्तरवीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में बिहार पुलिस को स्वर्ण पदक मिला है। ट्रैकर श्वान लिली ने श्वान दस्ता प्रतियोगिता

में यह उपलब्धता हासिल की है। लिली के साथ बिहार पुलिस के सिपाही धनश्याम चन्द्रवंशी डॉग हैंडलर की भूमिका में थे।

———————————————————————

राजगीर में आयोजित सोलहवीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बिहार की टीम ने हिमाचल प्रदेश को तीन–एक से हराकर पहली जीत दर्ज की है।

लखीसराय में खेली जा रही बारहवीं बिहार राज्य सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर ने अरवल को चार–शून्य से हराकर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया है। वहीं, लखीसराय और कैमूर की टीमें भी क्वार्टर फाईनल में पहुंच गयी है।

सीतामढ़ी के डुमरा स्टेडियम में खेले जा रहे रणधीर वर्मा अन्डर नाईनटीन एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सीतामढ़ी की टीम ने मुजफ्फरपुर को तीन रन से पराजित कर दिया है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। यह मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। आज के दूसरे मुकाबले में शाम साढ़े सात बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच खेला जाएगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ईरान ने बताया नया फॉर्मूला, मित्र मुफ्त में तटस्थ देश शुल्क देकर होर्मुज लांघेंगे। ट्रप ने फिर दिया अड़तालीस घंटे का अल्टीमेटम।

प्रभात खबर का शीर्षक है– युद्ध का असर, बिहार–झारखंड और बंगाल के कारोबारियों को अठारह सौ करोड़ रूपये का झटका।

दैनिक जगरण ने उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के हवाले से लिखा है– बिहार की विरासत ने बुद्धिज्म, जैनिज्म और सोशलिज्म को दिया आकार।

दैनिक भास्कर बिहार के सरकारी स्कूलों में एडमिशन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखता है– एडमिशन का नया नियम, बिहार के सरकारी स्कूलों में नो–एज–गैप मॉडल लागू, अब उम्र से तय की जायेगी बच्चों की क्लास। राष्ट्रीय सागर की विशेष खबर है– पटना में बुडको बनाएगा मॉडर्न लैब। आज अखबार की सुर्खी है– मोबाईल नम्बर की तरह मिलेगा अकाउंट नम्बर पोर्ट करने का ऑप्शन।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कठिन समय में खाड़ी देशों के साथ सरकार के मज़बूत संबंध वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा में सहायक हैं।

02. उपमुख्मंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– राज्य को भूमि विवादों के जाल से मुक्त करना सरकार का संकल्प है।

03. बेगूसराय में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ के बाद छह अपराधी गिरफ्तार। कुख्यात मंगल सिंह घायल।

04. और, मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की संभावना जताई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।